26.07.2022

छत्तीसगढ़ विधान सभा

जुलाई, 2022 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार,दिनांक 27 जुलाई, 2022 (श्रावण 5, 1944)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे।

2. प्रतिवेदन को प्रस्तुत करने की अवधि में वृद्धि करने का प्रस्ताव

(1) श्री धनेन्द्र साहू, सभापति, जांच समिति, प्रस्ताव करेंगे कि– ''कृषि विभाग में सामग्री प्रदायकर्ता कम्पनी/फर्मों को ब्लैक लिस्टेड/डीबार/प्रतिबंधित किया जाने और इससे संबद्ध विषयों की जांच हेतु गठित समिति'' का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अवधि में आगामी सत्र के अंतिम दिवस तक की वृद्धि की जाये।

(2) श्री संतराम नेताम, सभापति, जांच समिति, प्रस्ताव करेंगे कि– ''शैक्षणिक संस्थाओं में हाजिरी हेतु बायोमेट्रिक टेबलेट की खरीदी और इससे संबद्ध विषयों की जांच हेतु गठित समिति'' का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अवधि में आगामी सत्र के अंतिम दिवस तक की वृद्धि की जाये।

(3) श्री मोहन मरकाम, सभापति, विशेषाधिकार समिति, प्रस्ताव करेंगे कि– विशेषाधिकार समिति को जांच, अनुसंधान एवं प्रतिवेदन हेतु संदर्भित प्रकरण पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अवधि में आगामी सत्र के अंतिम दिवस तक की वृद्धि की जाये।

3. मंत्रि–मंडल के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव

श्री धरमलाल कौशिक, नेता प्रतिपक्ष, प्रस्ताव करेंगे कि –

''यह सदन मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं उनके मंत्रि–मंडल के विरूद्ध अविश्वास व्यक्त करता है।''

दिनेश शर्मा,
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा.

रायपुर,
दिनांक 26 जुलाई, 2022